नईदुनिया

तीन दिन बाद फिर लुढ़केगा रात का पारा

बदल रहा हवाओं का रुख, रात के तापमान में होगी मामूली बढ़ोतरी, अनूपपुर में पारा 10.7 डिग्री पर



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पाकिस्तान के आसपास सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवाओं का रुख बार-बार बदलने लगा है। दक्षिणी, दक्षिण-पूर्वी हवाएं चलने के कारण दिन और रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ जाने के बाद एक बार फिर न्यूनतम तापमान में गिरावट होने लगेगी। उधर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात प्रदेश में सबसे कम 10.7 डिग्री सेल्सियस तापमान अनूपपुर में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। शनिवार को दिन का सबसे अधिक 34 डिग्री सेल्सियस तापमान खरगोन में रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में गहरा कम दबाव का क्षेत्र मौजूद है। इसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए रविवार को अवदाब के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। साथ ही इस मौसम प्रणाली के और तीव्र होकर सोमवार पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान में परिवर्तित होने के आसार है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान एवं उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में सक्रिय हो गया है। इसके साथ एक द्रोणिका भी संबद्ध है। मौसम विज्ञानी अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवाओं का रुख बदलने से तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने लगी है। तीन-चार दिन तक मौसम का इस तरह का मिजाज बना रह सकता है। उसके बाद तापमान में कमी दर्ज होने लगेगी।

मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में मध्य प्रदेश पर एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। इस वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर-भारत के पहाड़ों पर कुछ बर्फबारी हो सकती है। इसकी मौजूदगी से फिलहाल मध्य प्रदेश के मौसम पर विशेष प्रभाव पड़ने की उम्मीद कम है।

प्रमाणों के आधार पर इतिहास लेखन पर जोर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के सैफिया कॉलेज में शनिवार को दो दिवसीय भोपाल इतिहास सम्मेलन की शुरुआत हुई। इसमें इतिहासकारों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने भारतीय इतिहास के लेखन, ऐतिहासिक स्रोतों की प्रामाणिकता और वर्तमान दौर में इतिहास की बदलती व्याख्याओं पर विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि इतिहास किसी एक समुदाय या विचारधारा के नजरिए से नहीं, बल्कि दस्तावेजों, पुरातात्विक साक्ष्यों और निष्पक्ष शोध के आधार पर लिखा जाना चाहिए।

सम्मेलन संयोजक फरोग जामी ने कहा कि देश के करीब एक हजार साल के इतिहास के उन पहलुओं को सामने लाना जरूरी है, जिन्हें पर्याप्त स्थान नहीं मिला। इतिहास लेखन में फारसी स्रोतों पर निर्भरता और मध्यकाल के काल-विभाजन पर नए सिरे से विचार होना चाहिए। नालंदा विश्वविद्यालय के विनाश जैसे विषयों को भी विभिन्न ऐतिहासिक स्रोतों के तुलनात्मक अध्ययन से समझने की आवश्यकता है। वक्ता अतहर हबीब ने कहा कि इतिहास समाज की सामूहिक स्मृति है। इसे भूलने से पहचान कमजोर होती है। भारत की विविधता और विभिन्न समुदायों की परंपराएं उसकी विशेषता हैं। भारतीय इतिहास मंच के राष्ट्रीय संयोजक शादाब मूसा ने कहा कि संदेशों, सामाजिक माध्यमों की रील और फिल्मों के माध्यम से अधूरे तथ्यों तथा कल्पनाओं को इतिहास के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

'महारानी 5' में हुमा कुरैशी का नया अवतार



नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः अभिनेत्री हुमा कुरैशी वेब सीरीज 'महारानी' के पांचवें सीजन में बिल्कुल नए और दमदार अवतार में नजर आएंगी। उन्होंने रानी भारती के किरदार के लिए गंजा लुक अपनाया है। यह बदलाव उनके राजनीतिक सफर के नए अध्याय का संकेत देता है। हुमा ने बताया कि इस लुक को अपनाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ रोमांचक अनुभव भी रहा। उनके अनुसार, रानी भारती की जटिल और कई परतों वाली शख्सियत को समझने में इस रूपांतरण ने मदद की। हर सीजन में उनका किरदार नई चुनौतियों से गुजरता रहा है। सोनी लिव की इस लोकप्रिय सीरीज का पांचवां सीजन फरवरी में विशेष रूप से प्रसारित होगा।

पदोन्नत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का सम्मान, सबनानी ने दिया समस्याओं के निराकरण का आश्वासन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ, जिला भोपाल द्वारा कर्मचारी भवन, गीतांजलि चौराहे पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड-3 में पदोन्नत हुए कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी थे।

सबनानी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करवाएंगे। उनके आश्वासन पर कर्मचारियों ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें अनिल बाजपेयी, एमपी द्विवेदी, एलएन कैलासिया, चंद्रशेखर परसाई, श्याम सुंदर शर्मा, सुभाष वर्मा और गजेंद्र कोठारी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। संचालन संघ के महामंत्री अजय दुबे ने किया।

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1
महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी. नं.- 1221080219 आवेदन क्रमांक-13626
आवेदन दिनांक - 25/10/2026
क्रमांक 2416/राजस्व/भोविप्रा/2026 भोपाल, दिनांक :- 06/11/2026
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना में स्थित भूखंड क्रमांक 219 सेक्टर सी, 1. श्री सूरज प्रकाश आहूजा आ0 श्री पदम लाल आहूजा 2. श्रीमती सुमन आहूजा पत्नी श्री सूरज प्रकाश आहूजा 3. श्री रोहित आहूजा आ0 श्री सूरज प्रकाश आहूजा एवं 4. श्रीमती अर्चना आहूजा पत्नी श्री रोहित आहूजा के संयुक्त नाम पर आवंटित है। संयुक्त आवंटी में से श्री सूरज प्रकाश आहूजा का स्वर्गवास दिनांक: 29/09/2026 को हो जाने के कारण आवंटी स्व. श्री सूरज प्रकाश आहूजा के द्वारा अपने हिस्से का भाग श्री रोहित आहूजा को पंजीकृत वसीयत की गई है। अब उक्त भूखण्ड श्री रोहित आहूजा आ0 स्व. श्री सूरज प्रकाश आहूजा 2. श्रीमती सुमन आहूजा पत्नी स्व. श्री सूरज प्रकाश आहूजा 3. श्रीमती अर्चना आहूजा पत्नी श्री रोहित आहूजा द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र, आधार कार्ड, पंजीकृत वसीयत तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का नामांतरण संयुक्त नाम पर चाहा गया है।
उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
4018

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1
महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी. नं. J800380406, आवेदन क्रमांक-13453, आवेदन दिनांक-25/09/2026
क्रमांक 2423/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल दिनांक: 14/11/2026
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की एयरोसिटी फेस-1, योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक-406 सेक्टर-एफ, जिसका उपयोग आवासीय है। श्री संतोष कुमार जैन आ. स्व. श्री सरदारमल जैन के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री संतोष कुमार जैन का स्वर्गवास दिनांक: 03/01/2024 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस 1. श्रीमती कुसुम जैन पत्नि स्व. श्री संतोष कुमार जैन 2. श्री नीतेश कुमार जैन पुत्र स्व. श्री संतोष कुमार जैन 3. श्रीमती रश्मि जैन पुत्री स्व. श्री संतोष कुमार जैन द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड के आधार पर तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
4019

परिशिष्ट B - संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ट खण्ड, भोपाल
एमजेसी एसयूसी/142/2026
नाहर सिंह बनाम बैंक ऑफ इंडिया
NEXT DATE: 20-11-2026
नोटिस प्रकाशन हेतु उत्तराधिकार
प्रेषिती-आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नाहर सिंह पता झुग्गी नंबर 535 साउथ टीटी नगर, चक्की चौराहा, कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती शारदा से भोपाल, मप्र ने मृतक की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 20-11-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 20-11-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा । यह आज तारीख 24-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।
श्रीमती मेघा अग्रवाल (न्यायाधीश)
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ट खण्ड
4020

कार्यालय सम्पदा अधिकारी म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल
आम-सूचना
हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, महादेव परिसर शिवाजी नगर भोपाल म.प्र. में स्थित प्रकोष्ठ भवन कमांक 203 द्वितीय तल टाईप ए-1 ब्लाक बी मंडल द्वारा श्रीमती रेनी चड्ढा पत्नी श्री विशाल चड्ढा एवं श्री विशाल चड्ढा आत्मज श्री अशोक चड्ढा के संयुक्त नाम से आवंटित है तथा दिनांक 08.06.2017 को पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत है। उक्त सम्पति में से श्रीमती रेनी चड्ढा द्वारा अपने हिस्से का हकत्याग दिनांक 06.11.2026 को पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। श्रीमती रेनी चड्ढा पत्नी विशाल चडढा में हकत्याग के विलेख प्रस्तुत कर श्री विशाल चडढा आत्मज श्री अशोक चडढा के नाम से हस्तांतरण किये जाने हेतु शपथ पत्र, मंडल का निर्धारित आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री विशाल चडढा आत्मज श्री अशोक चड्ढा के नाम से हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सम्पदा अधिकारी म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
4021

कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)
क्रमांक/रा.शा./न.पा.ई./26/674 इटारसी दिनांक 12/11/2026
इश्तहार प्रकाशन सूचना
आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान पक्की/कच्ची प्लाट नं. गांधी स्टेडियम की दुकान जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री इन्दवीर गांधी S/O श्री भगवानदास गांधी के नाम से दर्ज है उक्त दुकान की किरायेदारी अनुबंध किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अंतर्नियम 2016 के अनुसार दैनिक 02 समाचार पत्रों में प्रकाशन किये जाने में किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो, सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी
कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

सूडोकु नवताल- 7960

सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7959 का हल


8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

काकुरो पहेली - 7633




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 7632 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9041



बाएँ से दाएँ
1. भगवान, ईश्वर, रब-7
6. रुपये का सोलहवां भाग-2
7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8. मूल्य, कीमत, दर-2
10. जी, इच्छा, चित-2
11. नलका, टोंटी-2
13. बारीक, सूक्ष्म-3
14. रेखा, लाइन-3
15. रग, नाड़ी-2
17. अधिकार -2
18. वध, कत्ल, मर्डर-2
20. दौड़ने वाला, धावक (अंग्रेजी-3)
21. एक आंख वाला-2
22. निंदा करना, प्रतिष्ठा खंडित करना-4,3


ऊपर से नीचे
2. निर्माण, बनाना-3
3. एक संगीतकार-4
4. गाड़ी चलानेवाला-4
5. नखरा-2
6. आरामदेय-5
9. इच्छा पूरी करना-2,3
10. चिंतन-3
12. उत्साह, जिज्ञासा-3
16. हद, सीमा, बार्डर-4
17. हमेशा, सदैव-4
19. बलिदान, परित्याग, विरक्ति-2
21. नास्तिक (उर्दू-2)

शब्द पहेली-9040 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7472



ऊपर से नीचेः-
१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नांडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

बायें से दायें:-
१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7471

घा	त		स	फ	र		आ	क्रो	श
य			फा		ह	मे	शा		
ल	व	स्टे	री		मा	ला		अं	
	ही			आ	न		आ	जा	द
अं	दा	ज		ई		सं	ग	म	
गा		या	श	ना		सा			खु
रे	खा		ज		स	र	फ	रे	श
	मो			सु	र		ग		बू
आ	शी	र्वा	द		ग	द	र		
मी			स	न	म			यु	वा

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7566

	6	1		2		3
7	32	5	31	3	30	1
4				7		
	22	2	40	6	39	
	3			5		
1	34	6	37		28	
	5			1	2	4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7565 का हल

4	3	2	5	1	7	6
1	28	6	29	4	30	2
5	4	3	6	2	1	7
2	36	7	38	6	25	3
6	5	4	7	3	2	1
7	33	5	36	5	33	4
3	2	1	4	7	6	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8586

गु	मी	रा	कु	मा	र	अ	फा	न	प	रा
न	ला	क	प	इं	डे	र्जु	शि	या	ड़	म
अ	दा	म	ला	र	ग	न	द	द	प	वि
प्र	ग	ल	न	ब	दू	सिं	प	या	लि	ला
त	ण	अ	सौ	बी	जा	ह	कि	नि	ला	स
आ	इ	व	मो	व	आ	व	त	धि	लू	पा
ग	जी	ल	मु	व	प	जा	न	मा	प्र	स
र	रि	भा	र	ख	प	स	द	र	सा	वा
क	म	ल	ना	थ	र्जी	ज	जी	न	द	न
न	ट	व	र	सिं	ह	ब्रा	स्र	अ	प	श
ब	शि	वा	जी	पा	टि	ल	त्ता	प	क	र

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द जाल में मनमोहन सरकार में शामिल मंत्रियों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

प्रणव मुखर्जी, अर्जुन सिंह, रामविलास पासवान, गुलाम नबी आजाद, शिवाजी पाटिल, नटवर सिंह,कमलनाथ,मीरा कुमार, लालू प्रसाद, दयानिधी मारन

शब्दजाल - 8585 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore